# का.सु. साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय

अयोध्या (उत्तर प्रदेश)

दिनांकः 19 जनवरी, 2026

**महाविद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्रों के ABC-ID/APAAR ID के सम्बन्ध में**

## आवश्यक सूचना

समस्त विद्यार्थियों को अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार विद्यार्थियों का शैक्षणिक डाटा Digilocker पर उपलब्ध कराये जाने हेतु समस्त विद्यार्थियों का ABC-ID/APAAR (Academic Bank Credit/Automated Permanent Academic Account Registry) ID बनाया जाना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय में पंजीकरण, शैक्षणिक रिकार्ड तक पहुंच प्राप्त करने और सेमेस्टर परीक्षा के प्रवेश पत्र प्राप्त करने के लिए ABC-ID/APAAR ID अनिवार्य है।

अतः उक्त के दृष्टिगत महाविद्यालय के स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रम में पंजीकृत समस्त छात्र–छात्राओं को निर्देशित किया जाता है कि वे दिनांक 23.01.2026 तक अपनी ABC-ID/APAAR ID को समर्थ पोर्टल से लिंक करें। अन्यथा की स्थिति में छात्र–छात्रा का परीक्षा परिणाम रोक दिया जायेगा तथा छात्र–छात्रा को Digilocker की सेवाएं उपलब्ध नहीं हो पायेगी।

समस्त विद्यार्थियों को निर्देशित किया जाता है कि सभी विवरणों, विशेष रूप से नाम, जन्मतिथि और संस्थान के नाम की अनिवार्यता जांच कर लें, क्योंकि ये सूचनाएं डिजीलॉकर खाते में मौजूद रिकार्ड से मेल खानी चाहिए। यह इसलिए आवश्यक है क्योंकि एक बार समर्थ पोर्टल से लिंक हो जाने के बाद ABC-ID को बदला नहीं जा सकता। समस्त विद्यार्थी अपनी ABC-ID/APAAR ID को समर्थ पोर्टल से लिंक करने से पहले यह भी सुनिश्चित कर लें कि उनका मोबाईल नम्बर उनके आधार कार्ड से लिंक हो।

(प्रो0 दानपति तिवारी)
प्राचार्य

प्राचार्य
का०सु० साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय
अयोध्या

Scanned with CamScanner